आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 09.05.2024

मुख्य समाचारः–

1– छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी किए–दसवीं में छिहत्तर और बारहवीं में इकयासी प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण–इस बार भी बालिकाओं ने मारी बाजी।

2– दसवीं की प्रावीण्य सूची में जशपुर की सिमरन शब्बा और बारहवीं में महासमुंद जिले की महक अग्रवाल पहले स्थान पर।

3– छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने चालू शैक्षणिक सत्र के लिए विभिन्न प्रवेश और पात्रता परिक्षाओं की तिथियों में संशोधन किया।

4– स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदेश के सभी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

दसवीं/बारहवीं–परिणाम

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आज दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। दसवीं की परीक्षा में लगभग छिहत्तर प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं, बारहवीं की परीक्षा में करीब इकयासी प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष रेणु जी पिल्ले और सचिव पुष्पा साहू ने आज परीक्षा परिणाम जारी किए। उन्होंने बताया कि दसवीं की परीक्षा में उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत उनयासी प्रतिशत से अधिक और बालकों का प्रतिशत लगभग इकहत्तर प्रतिशत रहा। इसी तरह, बारहवीं की परीक्षा में करीब चौरासी प्रतिशत बालिकाएं और लगभग सतहत्तर प्रतिशत बालक उत्तीर्ण हुए। इस बार भी इन परीक्षाओं में बालिकाओं ने बाजी मारी है।

दसवीं की प्रावीण्य सूची में जशपुर के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल की छात्रा सिमरन शब्बा ने निन्यानवे दशमलव पांच प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, गरियाबंद जिले के कोपरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा होनिशा ने अंठानवे दशमलव आठ–तीन प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा और जशपुर के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल के छात्र श्रेयांश कुमार यादव ने अंठानवे दशमलव तीन–तीन प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया है। दसवीं की टॉप टेन सूची में उनसठ विद्यार्थियों ने जगह बनाई है।

वहीं, बारहवीं की प्रावीण्य सूची में महासमुंद जिले के सरायपाली की महक अग्रवाल संतानवे दशमलव चार प्रतिशत अंक के साथ पहले स्थान पर हैं। बलौदाबाजार जिले की कोपल अम्बस्ट ने संतानवे प्रतिशत अंक के साथ दूसरा और बलौदाबाजार जिले की प्रीती तथा जशपुर जिले की आयुषी गुप्ता ने संयुक्त रूप से छियानवे दशमलव आठ प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। बारहवीं की टॉप टेन सूची में बीस विद्यार्थी शामिल हैं।

दसवीं / बारहवीं–परिणाम–02

परीक्षा परिणाम जारी करने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष रेणु जी पिल्ले ने बताया कि दसवीं की मुख्य परीक्षा में तीन लाख चालीस हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए थे। वहीं, बारहवीं की मुख्य परीक्षा में दो लाख अंठावन हजार से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम मंडल की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों ने जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है, जो उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है।

उन्होने इन परीक्षाओं में अनुतीर्ण विद्यार्थियों को हताश नहीं होने की समझाइश दी और अगली बार दोगुने उत्साह तथा मेहनत से पढ़ाई करने को कहा।

वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन बच्चों के परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं आए हैं, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी निरंतर मेहनत करते रहें, तो भविष्य में और बेहतर करने के कई मौके मिलेंगे।

व्यापमं–परीक्षा तिथि संशोधन

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं ने चालू शैक्षणिक सत्र के लिए विभिन्न प्रवेश और पात्रता परिक्षाओं की तिथियों में संशोधन किया है। अब पी.ए.टी, पी.व्ही.पी.टी., बीएससी (कृषि), बीएससी (उद्यानिकी), पशुपालन में डिप्लोमा और मत्स्यिकी विज्ञान में डिप्लोमा, प्री.बी.ए. बी.एड. तथा प्री–बीएससी बी.एड. की परीक्षाएं अब नौ जून को होंगी। पहले इन परीक्षाओं के लिए सोलह जून की तिथि निर्धारित की गई थी। वहीं, बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक नर्सिंग और एम.एस.सी. नर्सिंग की परीक्षाएं सात जुलाई के स्थान पर चौदह जुलाई को होंगी। इसके अलावा पी.ई.टी, प्री.एम.सी.ए. और पी.पी.एच.टी. की परीक्षा तेरह जून को ली जाएगी। वहीं, पी.पी.टी. और टीईटी पात्रता परीक्षा तेईस जून तथा प्री.बी.एड. और प्री.डी.एल.एड. की परीक्षाएं तीस जून को होंगी।

राज्यपाल–ज्ञापन

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट में करीब चार सौ विद्यार्थियों के साथ हुए कथित अन्याय को लेकर कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज राजभवन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस के नेताओं ने मांग की कि प्रभावित बच्चों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित की जाए या उन्हें बोनस अंक दिए जाएं। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, शैलेश नितिन त्रिवेदी और वरिष्ठ प्रवक्ता विकास तिवारी शामिल थे।

गौरतलब है कि नीट परीक्षा के दौरान बालोद जिले में एक बार प्रश्न पत्र वितरित करने के लगभग पचास मिनट बाद उसे वापस लेकर दूसरा प्रश्न पत्र दिया गया। लेकिन, इसके लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया गया, जिसे लेकर परीक्षार्थी और उनके अभिभावकों ने असंतोष व्यक्त करते हुए परीक्षा केन्द्र के बाहर हंगामा किया था।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–आभार

राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने प्रदेश में लोकसभा चुनाव में अपनी सहभागिता निभाने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय और अशासकीय संगठनों, लोकसेवी संस्थाओं तथा मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी। श्रीमती कंगाले ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बल के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के पत्रकारों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने आम निर्वाचन के दौरान चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों और निर्वाचन गतिविधियों के प्रभावी प्रचार–प्रसार के साथ ही मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

गौरतलब है कि प्रदेश में इस बार के लोकसभा चुनाव में वर्ष दो हजार उन्नीस में हुए पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले मतदान में एक दशमलव तीन–एक प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। राज्य में लोकसभा चुनाव के तहत तीन चरणों में हुए मतदान में प्रदेश के करीब तिहत्तर प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो प्रदेश में अब तक हुए लोकसभा चुनावों में मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत है।

स्वास्थ्य मंत्री–बैठक

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रदेश के सभी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। श्री जायसवाल ने आज स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक में कहा कि प्रदेश की जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां मिल सके, इसके लिए सभी जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। उन्होंने सभी अस्पतालों में टीबी की दवाइयां उपलब्ध कराने और शासकीय अस्पतालों के अधूरे निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने के भी निर्देश दिए।

कांकेर–स्वच्छता अभियान

कांकेर जिले के अंतागढ़ में सशस्त्र सीमा बल–एसएसबी की अट्ठाईसवीं वाहिनी ने ''मेरी लाईफ अभियान'' के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों और जवानों ने गोल्डन चौक, भारतीय स्टेट बैंक और बस स्टैंड के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही उन्हें पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के संबंध में जानकारी दी। एसएसबी के कमांडेंट अरुण देवगम ने बताया कि पांच जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर बड़ी संख्या मे वृक्षारोपण किया जाएगा। वहीं, बच्चों के शैक्षणिक और बौद्धिक विकास के लिए खेलकूद और आम नागरिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

दुर्घटना

राजनांदगांव जिले में डोंगरगांव से लगे सम्बलपुर गांव के पास आज दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई भिडंत में दोनों बाईक चालकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, दो बालिकाएं घायल हो गई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

फुटबॉल

नारायणपुर जिले के रामकृष्ण मिशन आश्रम के खेल मैदान में आयोजित स्वामी विवेकानंद अंडर–ट्वेंटी राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दिल्ली ने केरल को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। आज खेले गए मैच में दोनों टीमें निर्धारित समय पर तीन–तीन गोल कर बराबरी पर रही। इसके बाद दोनों टीमों को पंद्रह–पंद्रह का अतिरिक्त समय दिया गया, जिसमें दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में दिल्ली की टीम ने बाजी मारी और सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

समर स्पेशल ट्रेन

ग्रीष्मकाल के दौरान रेल यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने अहमदाबाद–पुरी–पालधी के बीच एक अतिरिक्त फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा प्रदान की है। यह ट्रेन कल दस मई को अहमदाबाद से पुरी–पालधी के लिए रवाना होगी। वहीं, बारह मई को यह ट्रेन पुरी– पालधी से अहमदाबाद के लिए चलेगी। इस ट्रेन में कुल बाईस कोच उपलब्ध हैं।

संक्षिप्त समाचार

– कोरबा जिले की ग्राम पंचायत कुकरीटोली के भाटापारा में आज सुबह एक घर में पति–पत्नी और उनके बच्चे की लाश लहूलुहान हालत में मिली है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। यह मामला उरगा थाना क्षेत्र का है।

– छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने केशकाल स्थित नवीन व्यवहार न्यायालय भवन और व्यवहार न्यायालय नारायणपुर के कर्मचारियों के नवनिर्मित आवासीय परिसर का वर्चुअल रूप से लोकार्पण किया।

– महादेव ऐप सट्टा मामले में दुर्ग पुलिस के फरार निलंबित आरक्षक अर्जुन यादव को मध्यप्रदेश के पचमढ़ी इलाके से ईओडब्ल्यू द्वारा गिरफ्तार किए जाने की खबर मिली है।

– राज्य शासन ने जगदलपुर के बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉक्टर यू.एस. पैकरा को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ चिकित्सा शिक्षा संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

– जांजगीर–चांपा जिले में फर्जी पुलिस बनकर वसूली करने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपी बिरगहनी और एक आरोपी लछनपुर गांव का निवासी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>